# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026






Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में किसे राज्य स्तर पर मछली अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?

(A) सुनीता बिश्नोई

(B) शांति शर्मा

(C) अनीता चौधरी

(D) इनमें से कोई नही

बारां जिले की शेरगढ़ सेंचुरी की फॉरेस्ट गार्ड अनीता चौधरी को राज्य स्तर पर मछली अवॉर्ड से सम्मानित किया है। उन्होंने अब तक 500 से अधिक वन्यजीवों का रेस्क्यू किया है। साथ ही शिकारियों को पकड़ने में भी भूमिका निभाई है।

यह सम्मान उन्हें जयपुर में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से आयोजित समारोह में दिया। चौधरी को अवॉर्ड के साथ-साथ 50 हजार रुपए की राशि दी गई। चौधरी उपखंड स्तर, जिला स्तर पर भी सम्मानित हो चुकी हैं।

उन्होंने अब तक लगभग 550 से अधिक वन्यजीवों का रेस्क्यू किया है, जिनमें 50 से अधिक सांप भी शामिल हैं।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान में प्रस्तावित भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO) का कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा।

02. भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से, माय भारत राजस्थान ने 17 अप्रैल को जयपुर में 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' का आयोजन किया।

03. घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदाय के बच्चे औपचारिक शिक्षा से वंचित न रह जाएं, इसलिए 'राज पहल' कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिले में एक 'स्कूल ऑन व्हील्स' स्थापित किया जाएगा।

04. राजस्थान में नगरीय क्षेत्रों में 200 अंबेडकर ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा (अंबेडकर पीठ, मूंडला जयपुर में अंबेडकर आवासीय कोचिंग केन्द्र )

05. विश्व बैंक बोर्ड ने हाईवेज मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट में प्रदेश के 14 राजमार्गों के उन्नयन के लिए 2025 करोड़ रुपये के लोन की मंजूरी दी है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान में औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 लागू की गई है

(B) इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों को चार विकास मॉडलों पर विकसित किया जाएगा।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने विश्व स्तरीय औद्योगिक पार्कों के विकास व रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए 'औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026' पेश की है।
- इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों को चार विकास मॉडलों पर विकसित किया जाएगा।
- मॉडल-ए में राजस्थान राज्य औद्योगिकी विकास एवं निवेश निगम (रीको) द्वारा आवंटित भूमि पर पूरी तरह निजी डेवलपर द्वारा विकास किया जाएगा।
- वहीं, मॉडल-बी के अंतर्गत औद्योगिक पार्क के लिए 80 प्रतिशत भूमि डेवलपर द्वारा और शेष 20 प्रतिशत भूमि रीको द्वारा निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी
- मॉडल-सी के तहत पार्क के लिए संपूर्ण भूमि की विकासकर्ता द्वारा व्यवस्था की जाएगी तथा मॉडल-डी पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान में 7 हजार 390 आंगनबाड़ी केंद्र नंद घर के रुप में विकसित किए जा चुके हैं।

(2) आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाने और सामुदायिक सहयोग को सुनिश्चित करने के लिए नंदघर योजना बनाई गई है।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाने और सामुदायिक सहयोग को सुनिश्चित करने के लिए नंदघर योजना बनाई गई है।
इसमें 7 हजार 390 आंगनबाड़ी केंद्रों को नंद घर के रूप में विकसित किए जा चुके हैं।

इसके तहत विभिन्न दानदाताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, कॉर्पोरेट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया जाता है।

इन संस्थाओं के माध्यम से इन नंद घरों पर वॉल पेंटिंग, आधारभूत संरचना का विकास इत्यादी कार्य करवाए जाते हैं।
सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र योजना के प्रथम चरण में 213 केंद्रों पर मम्मत कार्य पूरा किया

03. राजस्थान सरकार की कंपनी प्रोजेक्ट्स डेवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान (पीडीकोर) ने हाल ही में किसके साथ समझौता किया है?

(A) नैबफिड

(B) विश्व बैंक

(C) यूनेस्को

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) और राजस्थान सरकार की कंपनी प्रोजेक्ट्स डेवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान (पीडीकोर) ने राज्य और शहरों की विकास परियोजनाओं को मजबूत करने के लिए एक समझौता किया है।
- इस समझौते के तहत दोनों संस्थान मिलकर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तीय मदद और निवेश के नए अवसर तलाशेंगे
- पीडीकोर राजस्थान सरकार की कंपनी है, जबकि नैबफिड एक विकास वित्तीय संस्थान है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में महिला कार्मिकों को कार्यस्थल पर बेहतर एवं तनावमुक्त वातावरण देने के लिए, 'मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन' की स्थापना की जाएगी

(2) इन सदनों में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल की सुविधा मिलेगी,

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में महिला कार्मिकों को कार्यस्थल पर बेहतर एवं तनावमुक्त वातावरण देने के लिए, 'मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन' की स्थापना की जाएगी
- राजस्थान बजट 2026-27 के अनुसार, कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर तनावमुक्त वातावरण देने के लिए सरकारी कार्यालयों में 'मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन' (Creches) चरणबद्ध रूप से खोले जाएंगे।
- इन सदनों में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल की सुविधा मिलेगी, जिससे महिला कर्मचारी निश्चिंत होकर कार्य कर सकें।

05. हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा अकादमिक और शोध क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए किसके साथ किया गया है ?

(A) महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

(B) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

(C) स्वामी केशवानंद विश्वविद्यालय

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर ने अकादमिक और शोध क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है।
- इस साझेदारी से शैक्षणिक गुणवत्ता सुधरेगी और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।
- एमओयू के तहत अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त शोध गतिविधियां, सेमिनार, वर्कशॉप और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जयपुर, शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-56

1. **हाल** ही में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने किस जिले में महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की जीवनी पर आधारित 'पैनोरमा' बनाने की घोषणा की है?
(A) बांदीकुई, दौसा
(B) हिण्डोली, बूंदी
(C) पुष्कर, अजमेर
(D) रामगंजमंडी, कोटा

2. **राज्य** सरकार द्वारा 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के तहत दी जाने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर कितनी कर दी गई है?
(A) 1 लाख 25 हजार रुपये
(B) 1 लाख 50 हजार रुपये
(C) 2 लाख रुपये
(D) 2 लाख 50 हजार रुपये

3. **स्वामी** विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं को मुफ्त साइकिल देना
(B) मेधावी छात्रों को विदेशों के प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना
(C) खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सरकारी नौकरी देना
(D) स्टार्टअप के लिए युवाओं को बिना ब्याज का ऋण उपलब्ध करवाना

4. **राजस्थान** में महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वर्तमान में कितनी 'एंटी रोमियो स्क्वॉड' सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं?
(A) 25 (B) 40
(C) 65 (D) 100

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत बीकानेर जिले का खेल कौन सा है?
(A) तीरंदाजी
(B) एथलेटिक्स
(C) साइकिलिंग
(D) हॉकी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राज पहल' कार्यक्रम के राजस्थान के कितने जिलों में एक 'स्कूल ऑन व्हील्स' स्थापित किया जाएगा**

(A) 41 जिलों में

(B) 12 जिलों में

(C) 32 जिलों में

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine